# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2014

# इंटरमीडिएट परीक्षा - 2014

## (ANNUAL / वार्षिक)

# PSYCHOLOGY

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 70

SECTION - A

bsebresult.in

प्रश्न संख्या 1 से 25 तक में दिए गये विकल्पों में से एक ही सही उत्तर है। प्रत्येक प्रश्न के उस सही उत्तर को विकल्पों में से चुनें :

1. गार्डनर के अनुसार निम्नांकित में किसे बुद्धि की एक श्रेणी नहीं माना गया है ?

(a) तार्किक गणितीय

(b) जी कारक

(c) स्थानिक

(d) अंतरावैयक्तिक

2. पास माडेल का विस्तारित रूप क्या है ?

(a) योजना, अवधान भाव प्रबोधन, सहकालिक अनुक्रमिक

(b) अवधान तथा प्रबोधन, सहकालिक अनुक्रमिक, योजना

(c) सहकालिक अनुक्रमिक, योजना, अवधान भाव प्रबोधन

(d) इनमें से कोई नहीं

3. किसने संज्ञानात्मक मूल्यांकन प्रणाली विकसित किया ?

(a) जे. पी. दास एवं नागलेयरी

(b) स्टर्नबर्ग

(c) गिलफोर्ड

(d) इनमें से कोई नहीं

4. किसने प्राथमिक मानसिक योग्यता सिद्धांत विकसित किया ?

(a) थर्स्टन

(b) स्पीयरमैन

(c) गार्डन

(d) इनमें से कोई नहीं

5. निम्न में से कौन व्यक्तित्व विशेषता है ?

bsebresult.in

(a) बुद्धि

(b) अभिप्रेरणा

(c) सृजनात्मकता

(d) संवेग

6. निम्नलिखित कथनों की विवेचना करें:

कथन-I : मनोवृत्ति परिवर्तन का दो स्तरीय संप्रत्यय एक भारतीय द्वारा दिया गया है।

कथन-II : उपरोक्त संप्रत्यय को एस. एम. मोहसीन द्वारा 1940 में दिया गया था।

इन कथनों में

(a) दोनों कथन सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

(b) दोनों कथन सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

(c) कथन-I सही है, परंतु कथन-II असत्य है

(d) कथन-I असत्य है, परंतु कथन-II सही है

7. 'संवेगात्मक बुद्धि' पद का प्रतिपादन किसने किया है ?

(a) गाल्टन

(b) वुड एवं वुड

(c) सैलोवरी तथा मेयर

(d) इनमें से कोई नहीं

8. आगमनात्मक तर्कना को किसने बुद्धि का एक कारक माना है ?

(a) जेन्सन

(b) स्पीयरमैन

(c) थर्स्टन

(d) गिलफोर्ड

bsebresult.in

9. निम्नांकित में किसे मनोविज्ञान में मूल्यांकन विधि के एक यंत्र के रूप में नहीं समझा जाता है ?

(a) मनोवैज्ञानिक परीक्षण

(b) केस अध्ययन

(c) मनश्चिकित्सा

(d) साक्षात्कार

10. निम्न में से कौन आत्म नियंत्रण की तकनीक नहीं है ?

(a) आत्म-निर्देशन

(b) आत्म-नियमन

by: BSEBResult.In

bsebresult.in

(c) व्यवहार प्रेक्षण

(d) आत्म-प्रबलन

11. बुद्धि के विषय पर शोध कार्य करने वाले पहले मनोवैज्ञानिक थे

(a) स्पीयरमैन

(b) थॉमसन

(c) गिलफोर्ड

(d) बिने

12. 'इन द माइण्ड ऑफ मेन' के लेखक कौन हैं ?

(a) टुकमैन

(b) थॉमसन

(c) गिलफोर्ड

(d) बने

bsebresult.in

13. आमने-सामने का संबंध आवश्यक है।

(a) प्रश्नावली विधि में

(b) साक्षात्कार विधि में

(c) केस अध्ययन विधि में

(d) रेटिंग विधि में

14. एक साक्षात्कार में एक पूर्व निर्धारित ......... प्रश्न श्रृंखला का अनुगमन किया जाता है।

(a) असंरचित

(b) अर्द्धसंरचित

(c) आभासी संरचित

(d) संरचित

15. निम्नलिखित में कौन शेल्डन के व्यक्तित्व प्रकार के अंतर्गत समझा जाता है ?

(a) अंतर्मुखी

(b) बहिर्मुखी

(c) गोलाकार

(d) उभयमुखी

16. किसने आत्मसिद्ध की अवधारणा को प्रस्तुत किया ?

(a) मास्लो

(b) रोजर्स

(c) फ्रायड

(d) युंग

17. एडलर के मनोविज्ञान को कहा जाता है

bsebresult.in

(a) गत्यात्मक मनोविज्ञान

(b) वैयक्तिक मनोविज्ञान

(c) मानवतावादी मनोविज्ञान

(d) विश्लेषणात्मक मनोविज्ञान

18. सेवार्थी केन्द्रित चिकित्सा को किसने प्रतिपादित किया ?

(a) मास्लो

(b) रोजर्स

(c) फ्रायड

(d) इनमें से कोई नहीं

19. किसी सामान्य प्रक्रिया को असामान्य रूप से बार-बार दुहराने की व्याधि को क्या कहते हैं ?

(a) आतंक

(b) दुर्भीति

(c) सामान्यीकृत दुश्चिंता

(d) मनोग्रसित बाध्यता

20. आक्रामकता का अध्ययन करने के लिए आप निम्नांकित में से किस विधि को सबसे अधिक उपयुक्त मानते हैं ?

(a) अन्तर्निरीक्षण

(b) नियंत्रित निरीक्षण

(c) प्राकृतिक निरीक्षण

(d) इनमें से कोई नहीं

21. ट्रीसोमी-21 का अन्य नाम क्या है ?

(a) डाउन संलक्षण

(b) एगोराफोबिया

(c) क्लाइनफेल्टर

(d) दुर्बल एक्स संलक्षण

22. निम्नांकित में से कौन वास्तविकता का नियम से निर्देशित होता है ?

(a) उपाहं

(b) पराहं

(c) अहं

(d) इनमें से कोई नहीं

bsebresult.in

23. रेशनल इमोटिव चिकित्सा का प्रतिपादन किसने किया ?

(a) फ्रायड

(b) कार्ल रोजर्स

(c) अलबर्ट इल्लिस

(d) इनमें से कोई नहीं

24. बैंडवैगन प्रभाव किसका एक कारण है ?

(a) समूह समग्रता

(b) समूह मानव का

(c) समूह ध्रुवीकरण का

(d) समूह सोच का

bsebresult.in

25. एनोरेक्सिया नवसा की विशेषता होती है

(a) स्नायविक दुर्बलता

(b) निद्रा व्याघात

(c) अपर्याप्त भोजन से वजन में कमी

(d) इनमें से कोई नहीं

## SECTION - B

प्रश्न संख्या 1 से 10 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। किन्हीं 8 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित है।

1. संस्कृति और बुद्धि के संबंधों को लिखें

2. सांवेगिक बुद्धि क्या है ?

बिहार बोर्ड से संबंधित सभी जानकारी, लेटेस्ट न्यूज़, प्रश्न पत्र, मॉडल पेपर, एडमिट कार्ड, रजिस्ट्रेशन कार्ड, परीक्षा तिथियां, आधिकारिक डायरेक्ट लिंक इत्यादि सबसे पहले पाने के लिए...
BSEBResult.In
विजिट करें।

3. आत्मसिद्धि से आप क्या समझते हैं ?
4. प्रतिबल को दूर करने के तीन उपायों का वर्णन करें।
5. अभिघातज उत्तर दबाव विकार क्या है ?
6. संज्ञानात्मक व्यवहार चिकित्सा क्या है ?
7. अंतर्मुखी तथा बहिर्मुखी व्यक्तित्व में अंतर बताइए।
8. तनाव या दबाव का सामना करने के विभिन्न उपायों को लिखें।
9. औपचारिक समूह तथा अनौपचारिक समूह में विभेद करें।
10. अनुरूपता क्या है ? स्पष्ट करें।

प्रश्न संख्या 11 से 13 दीर्घ उत्तरीय कोटि के हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 7 अंक निर्धारित है।

11. दुश्चिंता विकार के विभिन्न प्रकारों का वर्णन करें।

अथवा

मनोदशा मनोविकृति से आप क्या समझते हैं ? मनोदशा मनोविकृति के प्रकारों के मुख्य लक्षणों का वर्णन करें।

bsebresult.in

12. सांवेगिक बुद्धि को परिभाषित करें। इसके प्रमुख तत्त्वों का वर्णन करें।

अथवा

बुद्धि में आनुवंशिकता बनाम पर्यावरण विवाद का वर्णन करें।

13. सिगमंड फ्रायड ने व्यक्तित्व की संरचना की व्याख्या किस तरह से की है ?

अथवा

फ्रायड ने किस तरह से व्यक्तित्व विकास की व्याख्या की है ?